राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
सत्यमेव जयते
NCHMCT
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**सार्वजनिक सूचना**

**15 जनवरी 2026 / 25 पौष 1947**

**विषय: एनसीएचएम जेईई 2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की अवधि में विस्तार – संबंध में।**

**राष्ट्रीय होटल प्रबंधन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (NCHM JEE) 2026** हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, दिनांक 25 दिसंबर 2025 को जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार वर्तमान में प्रगति पर है।

**राष्ट्रीय परिषद होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (NCHMCT)** से प्राप्त अनुरोध के मद्देनज़र, तथा अधिक से अधिक अभ्यर्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु आवेदन करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, NCHM JEE 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की समय-सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह विस्तार विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को लाभ पहुँचाने तथा विशेष रूप से परीक्षा शहरों की संख्या में हाल ही में की गई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे अधिकतम पात्र अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।

**अतः NCHM JEE–2026 के लिए संशोधित कार्यक्रम निम्नानुसार है:**

| विवरण | पूर्व अंतिम तिथि | विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पत्र जमा करना | 25 जनवरी 2026 (सायं 5:00 बजे तक) | **25 मार्च 2026 (सायं 5:00 बजे तक)** |

*परीक्षा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें, पात्रता मानदंड, परीक्षा योजना तथा निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे तथा इस संबंध में जारी सूचना पुस्तिका एवं पूर्व में जारी सार्वजनिक सूचनाओं के अनुसार ही लागू होंगे।*

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि भुगतान में विलंब, तकनीकी त्रुटियों अथवा अपूर्ण आवेदन जैसी अंतिम समय की समस्याओं से बचा जा सके।

NCHM JEE 2026 से संबंधित नवीनतम जानकारी, सार्वजनिक सूचनाएँ, महत्वपूर्ण निर्देश आदि हेतु अभ्यर्थी नियमित रूप से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की आधिकारिक वेबसाइट **(www.nta.ac.in)** तथा **NCHM JEE पोर्टल (https://exams.nta.nic.in/nchm-jee/)** का अवलोकन करते रहें।

NCHM JEE 2026 से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा अणु-डाक के माध्यम से **nchm@nta.ac.in** पर लिख सकते हैं।

**निदेशक, एनटीए**